RAJYA SABHA

Tuesday, the 25th February, 2003/2 Phalguna, 1924 (Saka)

The House met at eleven of the clock,
MR. CHAIRMAN in the chair.

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

विमानपत्तनों पर स्मार्ट फोटो पहचान-पत्रों का प्रयोग

*101. श्रीमती सविता शारदा: क्या नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आतंकवाद, विमान अपहरण और विमानों में बम रखे जाने के बढ़ते खतरे को ध्यान में रखते हुए सरकार ने देश के सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तनों पर प्रवेश के लिए नए स्मार्ट फोटो पहचान-पत्र जारी करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे कार्ड कब तक जारी किए जाने की संभावना है; और

(घ) इस कार्य पर कितनी राशि खर्च होने का अनुमान है?

नागर विमानन मंत्री (श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन): (क) (घ) एक विवरण-पत्र सदन के पटल पर रखा गया है।

विवरण

(क) और (ख) इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा दिल्ली में बायोमीट्रिक आधारित स्मार्ट कार्ड आरंभ करने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया गया है।

(ग) इस संबंध में सरकार विश्व भर में उपलब्ध विभिन्न तकनीकों का अध्ययन कर रही है।

(घ) इस पायलट प्रोजेक्ट के लिए अनुमानित लागत 8-10 करोड़ रुपए होगी।

Use of smart photo identity cards at airports

†*101. SHRIMATI SAVITA SHARDA: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Government have decided to issue new smart photo identity cards for entry at all major international airports of the country keeping in view the increasing threat of terrorism, of hijacking and of implanting bombs;

(b) if so, the details thereof:

(c) by when such cards are likely to be issued; and

(d) the estimated amount likely to be spent on this work?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI SYED SHAHNAWAZ HUSSAIN): (a) to (d) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) and (b) A Pilot Project for introduction of Biometric based smart card, at IGI Airport Delhi has been prepared.

(c) The Government is looking at various technologies available, world-over, in this context.

(d) The approximate cost would be Rs. 8-10 crores for the pilot project.

श्री सभापति: प्रश्न संख्या 101 (व्यवधान)

श्री लालू प्रसाद: महोदय, श्री लाल कृष्ण आडवाणी, डा॰ मुरली मनोहर जोशी के बारे में बाबरी मस्जिद गिराने वालों के खिलाफ सी॰बी॰आई॰ ने परमिशन मांगी है। इसका क्या स्टेटस है महोदय, यह सदन को मालूम होना चाहिए? (व्यवधान)

श्री सभापति: हो जाएगा।

श्री लालू प्रसाद: आज हो जाएगा सर?

श्री सभापति: आपको तो मालूम हो जाएगा, हमें मालूम न हो यह बात दूसरी है। श्रीमती सविता शारदा।

श्रीमती सविता शारदा: धन्यवाद सभापति महोदय, आतंकवाद, विमान अपहरण और विमानों

†Original notice of the question was received in Hindi.

में बना रखे जाने के खतरों को ध्यान में रखकर इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बायोमीट्रिक आधारित स्मार्ट कार्ड आरम्भ करने के लिए पायलेट प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि सर्वप्रथम देश के कौन-कौन से प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों के लिए स्मार्ट फोटो पहचान पत्र योजना आरम्भ करने का प्रस्ताव है? वर्तमान में जारी किए जाने वाले स्मार्ट फोटो पहचान पत्र और पूर्व में जारी किए गए पहचान पत्रों में क्या अंतर है? और नए स्मार्ट फोटो पहचान पत्र जारी किए जाने के परिणामस्वरूप सुरक्षा व्यवस्था में क्या सुधार होने की संभावना है? यह मेरे प्रश्न का ''ए'' भाग है। दूसरा सप्लीमेंट्री अभी पूछ लूं या बाद में पूछ लूं?

श्री सैयद शाहनवाज हुसैन: आदरणीय सभापति महोदय, 11 सितम्बर के बाद हमने एयर पोर्ट पर जो सिक्योरिटी के पासेज हैं जो पिछले 5 साल से चल रहे थे उसको इम्प्रूव किया है। यह सही है कि उसके अंदर स्मार्ट कार्ड लाने की सरकार की योजना है जो बायोमीट्रिक होंगे। लेकिन अभी हमने इम्प्रूवमेंट करके न्यू पी०आई०सी० कार्ड जारी किए हैं जिसमें होलोग्राफिक मार्क से फ्यूज लेमिनेशन है और भारत सरकार के लिए यह आरक्षित है। कार्ड के पिछले हिस्से में फ्यूज लेमिनेशन के साथ अशोक चिन्ह लगा है और उसके डुप्लीकेट बनने की संभावना नहीं है। यह बहुत फुलप्रूफ है। इसी साल जनवरी से यह कार्ड इश्यू किया है। स्मार्ट कार्ड के लिए जो उन्होंने पूछा है वह स्मार्ट कार्ड बनाने की हमारी योजना है जिसमें करीब 8 से 10 करोड़ रुपए लगेंगे और वह पायलेट प्रोजेक्ट हमने सिर्फ दिल्ली के लिए किया है। लेकिन उसको सारे एयरपोर्ट पर करेंगे। क्योंकि उसके लिए हाईड्रोलिक सिस्टम को भी चेंज करना पड़ेगा तथा कार्ड के साथ वे दरवाजे खुलेंगे। उसके लिए अभी हम तैयारी कर रहे हैं। लेकिन अभी हमने इस साल नए पास जारी किए हैं।

श्रीमती सविता शारदा: मंत्री महोदय, हवाई अड्डों पर काम करने वाले कितने संगठनों और एजेंसीज को उक्त पहचान पत्र जारी किए जाएंगे, कितनी संख्या में स्मार्ट फोटो पहचान पत्र जारी किए जाने का अनुमान है तथा इस कार्य पर कितनी राशि व्यय होगी? यह तो आपने केवल इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए बताया है कि 8 से 10 करोड़ रुपए खर्च होगें। बाकी सभी पर कितनी अनुमानित धनराशि है? इसके अतिरिक्त मैं मंत्री महोदय से फिर से यह जानना चाहूंगी कि संसद पर हाल ही में हमले को ध्यान में रखते हुए सरकार का संसद के लिए भी इसी प्रकार स्मार्ट कार्ड पहचान पत्र जारी करने का क्या कोई प्रस्ताव है तो तत्संबंधी क्या ब्यौरा है?

श्री सैयद शाहनवाज हुसैन: सभापति जी, जो हमने पहले जवाब दिया है उसमें सिर्फ दिल्ली के लिए कहा है। लेकिन पायलेट प्रोजेक्ट का लाभ सारे देश के एयरपोर्ट के लिए होगा जब उसका सिस्टम हम डवलप करेंगे। जो पहले पासेज थे उसकी पूरी सूची मेरे पास है लेकिन मैं सिर्फ संख्या ही बता रहा हूं। पहले एक लाख तेरह हजार सत्तान्वे पासेज जारी किए थे और इस बार छियान्वें हजार पांच सौ बावन कार्ड जारी किए हैं जिसमें 1.78 करोड़ का खर्चा है।

डा॰ प्रभा ठाकुर: धन्यवाद सभापति महोदय। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह जानना चाहती हूं कि क्या देश के सभी विमानपत्तनों पर सुरक्षा प्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था एक जैसी ही है या उसमें इसमें कोई भिन्नता है और भिन्नता है तो क्यों?

दूसरी बात मैं यह जानना चाहती हूं कि क्या मंत्री महोदय को जानकारी है कि कई विमानपत्तनों पर सुरक्षा व्यवस्था के चलते जो लोग पोर्टर का काम कर रहे थे, जो कुली का काम कर रहे थे, उनमें से कई नौजवानों को सुरक्षा के नाम पर बेरोजगार कर दिया गया है? क्या कोई समुचित सुरक्षा प्रणाली बनाकर उनको फिर से रोजगार देने के लिए आप कदम उठायेंगे? क्या इस तरह का आपका कोई विचार है?

श्री सैयद शाहनवाज हुसैन: सभापति महोदय, करीब-करीब सभी जगह पर एक जैसी सुरक्षा प्रणाली है। जहां तक सवाल पोर्टर के संबंध में है, इस तरह की कोई सूचना मेरे पास नहीं है कि सुरक्षा के नाम पर हमने किसी को अलग किया है। जो टेम्परेरी लेबर काम करती है, उनको हम अलग से पास जारी करते हैं, उसका कलर अलग होता है, इसलिए यह जानकारी सही नहीं है।

Fund for expansion of AI and IA

*102. SHRI K. RAHMAN KHAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) the details of expansion plans for Indian Airlines and Air India to increase frequencies both in domestic and international sector;

(b) what are the likely sources of funds required for the purpose; and

(c) what will be the estimated share of air travel of these airlines after the enhancement of their fleets?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION (SHRI SYED SHAHNAWAZ HUSSAIN): (a) to (c) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) Indian Airlines has proposed to acquire 43 new aircraft for replacement of the entire fleet of old aircraft and for capacity expansion. Air India has plans to acquire new aircraft in order to phase out the older aircraft, rationalise its fleet and expand capacity. The proposal is yet to be received in the Ministry for Government approval.

(b) As per international practice and as was done by Air India and Indian Airlines on earlier occasions, the two national carries will raise fund for fleet acquisition through commercial borrowings in international/ Indian market.